भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2945
दिनांक 12 मार्च, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

सीजीएचएस सुविधाओं का विस्तार

2945. श्री हाजी फजलुर रहमान:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार सीजीएचएस सुविधाओं का देश भर में विस्तार करने का विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार महानगरों में सीजीएचएस अस्पताल खोलने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) से (घ): नए स्थानों पर सीजीएचएस आरोग्य केंद्र मौजूदा मानदंडों और संसाधनों की उपलब्धता की शर्त पर खोले जाते हैं। महानगरों में सीजीएचएस अस्पताल खोलने का वर्तमान में, कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****